Name		Roll Number	

SET A

INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION
ANNUAL EXAMINATION 2019-2020
HINDI (THIRD LANGUAGE)

Code: MXHN306

CLASS: VI — Time Allotted: 2 Hrs.

11.03.2020 — Max. Marks: 80

प्रश्न — **Marks**

प्रश्न 1 किसने किससे कहा। **½x4=2**

(क) "शायद किसी व्यापारी ने घाटी में मांस के टुकड़े फ़ेंके होंगे, ताकि कुछ हीरे उसमें चिपक जाएँ।"

(ख) "सर, मैं घर जा सकता हूँ ?"

प्रश्न 2 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर पाठ के आधार पर सही ✓ या गलत X का चिह्न लगाइए। **1x3=3**

(क) सिंदबाद ने उन व्यापारियों को शेर और चूहे की कहानी सुनाई।

(ख) पापा चाय पीते हुए अखबार पढ़ते हैं।

(ग) दीपू बार-बार हाथ में बँधी घड़ी देख रहा था।

प्रश्न 3 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर पाठ के आधार पर सही उत्तर चुनकर लिखिए। **1x3=3**

(क) सिंदबाद पेड़ से उतरकर कहाँ जा पहुँचा?

(i) घाटी के पास (ii) गुंबद के पास (iii) टापू के पास (iv) पहाड़ के पास

(ख) दादी को अखबार पढ़कर कौन सुनाता है?

(i) पोती (ii) पोता (iii) दादाजी (iv) पिताजी

(ग) निम्मो क्या लेकर आई?

(i) खाट (ii) खीर का कटोरा (iii) पानी का गिलास (iv) चाय और बिस्कुट

प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **1x4=4**

(क) अपने देश और _____________ का हाल बता जाता अखबार।

(ख) सिंदबाद एक बहुत ही _____________ और _____________ आदमी था

(घ) सारे बच्चे _____________ मचाने लगे।

प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। **1x4=4**

(क) घोषणा (ख) फल (ग) अफ़सर (घ) कहानी

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए । **1x8=8**

(क) ऐनक (ख) बासी (ग) द्वार (घ) दुनिया

(ङ) कथा (च) संग (छ) भोर (ज) ढेरों

प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। **2x5=10**

(क) किस तरह का अखबार सबको अच्छा लगता है?
(ख) रॉक पक्षी सिंदबाद को कहाँ ले गया?
(ग) निम्मो पढ़ाई में कैसी थी?
(घ) छुट्टी के दिन अखबार में क्या-क्या आता है?
(ङ) सिंदबाद कहाँ रहता था?

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। (only 2) **3x2=6**

(क) 'सिंदबाद' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है?
(ख) दीपू ने वजीफ़ा मिलने का श्रेय किसे दिया और क्यों?
(ग) हम किन साधनों से सूचना प्राप्त कर सकते हैं? हिंदी के दो प्रमुख समाचारपत्रों के नाम लिखिए।

प्रश्न 9 निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। **1x2=2**

(क) उसका (ख) क्या

प्रश्न 10

(क) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए **1x2=2**

(i) दरवाज़ा (ii) लड़की

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए । **1x2=2**

(i) मेरी <u>पुस्तक</u> मेज़ पर रखी है।
(ii) उसकी <u>माला</u> टूट गई।

प्रश्न 11

(क) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए। **1x2=2**

(i) पिताजी कार से दफ़्तर जाएँगे।
(ii) बच्चा बोतल से दूध पी रहा है।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में खाली स्थानों की पूर्ति उचित क्रिया शब्दों से कीजिए। **1x3=3**

(i) खरगोश (rabbit) गाजर ____________________ ।
(ii) हरीश नई कमीज ____________________ ।
(iii) सोनी ने मंच पर गीत (song) ____________________ ।

प्रश्न 12

(क) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्दों को पहचानकर लिखिए। **1x2=2**

(i) मेरी माँ के पास बनारसी साड़ी है।
(ii) सोहन ने दुकान से कई किताबें खरीदीं।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विशेषण शब्दों से कीजिए। **1x3=3**

(i) वह लड़का ______________ है।
(ii) बगीचे में ______________ तितलियाँ उड़ रही हैं।
(iii) पिताजी बाज़ार से ______________ दूध लाए।

प्रश्न 13

(क) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए। **1x3=3**

(i) ककशा (ii) बिमार (iii) कवीयत्री

(ख) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। **1x2=2**

(i) मैं किताब पढ़ता है।

(ii) इस नमक में सब्ज़ी डालो।

प्रश्न 14

(क) **निम्नलिखित हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कीजिए।** **1x2=2**

(i) वह एक कविता लिखेगा।

(ii) हम अपने चाचाजी के घर जाएँगे।

(ख) **निम्नलिखित अंग्रेजी वाक्यों का हिंदी भाषा में अनुवाद कीजिए।** **1x2=2**

(i) She will take care of her father.

(ii) Nita will read a book.

प्रश्न 15 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

ढोलू और मोलू दो भाई थे। दोनों खूब खेलते, पढ़ते और कभी-कभी खूब लड़ाई भी करते। एक दिन दोनों अपने घर के पीछे खेल रहे थे। वहाँ एक कमरे में बिल्ली के तीन छोटे-छोटे बच्चे थे। बच्चों की माँ बिल्ली कहीं बाहर गई हुई थी। वे तीनों कमरे में अकेले (alone) थे। उन्हें भूख लगी थी इसलिए वे ज़ोर-ज़ोर से रो रहे थे। दोनों भाइयों ने बिल्ली के बच्चों की आवाज़ सुनी तो वे अपने दादाजी को बुलाकर लाए। दादाजी ने बिल्ली के बच्चों को खाना खिलाया तथा एक कटोरी में दूध भी पिलाया तो बिल्ली के बच्चों की भूख (hunger) शांत हो गई। अब वे तीनों आपस में खेलने लगे। यह देखकर ढोलू-मोलू बोले- बिल्ली के बच्चे बच गए। फिर दादाजी ने उन्हें शाबाशी दी।

<u>प्रश्न</u>

(क) बिल्ली के कितने बच्चे थे ? **1**

(ख) बिल्ली के बच्चों की भूख कैसे शांत हुई ? **1**

(ग) दोनों भाइयों ने बिल्ली के बच्चों की आवाज़ सुनकर क्या किया ? **1**

(घ) दोनों भाइयों के नाम क्या थे ? **1**

(ङ) दिए गए शब्दों के पुल्लिंग (masculine) शब्द उपर्युक्त गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए। **½x2=1**

(i) दादीजी (ii) बहन

प्रश्न 16 निम्नलिखित विषयों में से किसी भी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में निबंध लिखिए। **10**

(क) राजधानी दिल्ली **(ख)** मेरा परिवार **(ग)** पेड़ों का महत्व **(घ)** मेरी पाठशाला

End of the question paper.